School of Aeronautics (Neemrana)

FOR INTERNAL USE ONLY

I-04, RIICO Industrial Area, Neemrana, Dist. Alwar, Rajasthan(Approved by Director General of Civil Aviation, Govt. of India For AME, All India Council for Technical Education, Ministry of HRD, Govt of India For B.Tech& Affiliated to Rajasthan Technical University. Kota, Rajasthan)

NOTICE

Attention: All the students of B.Tech. **(Semester: II, IV & VI Back & Reback)**

Regarding: Change in Exam Centre

Due to the outbreak of Global Pandemic COVID-19 Rajasthan Technical University is allowing students to chose their exam city, choice filling will start from 03rd October, 2020 to 06th October, 2020 till 05:00 PM.

1. RTU has open the window for changing the Exam Centre City from 03rd October, 2020 to 06th October, 2020 (05:00 PM) students can apply at - www.rtuexam.net -> student portal -> exam center City change option form or www.rtu.ac.in - >centre change
2. Students are requested to change their exam centre city if they desire to change, no further extension for change in exam centre will be provided, therefore students are requested to fill their choice in the given time frame.

Sneha Gloria Thorpe
(Registrar)

Date : 02.10.2020

Corporate Office : H 974, Palam Extension, Part 1, Sector 7, Dwarka, New Delhi 110077
Ph. 01494-297000, 297779, 9811315363, 9314009020, E-Mail: info@soaneemrana.org, ccashoka@gmail.com

Rajasthan Technical University, Kota

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010

Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

No.F(23)/Exam-conduct/2019-20/5.216/ 4212 Dated: 02/10/2020

आवश्यक सूचना
(परीक्षा केन्द्र के शहर में परिवर्तन के सम्बन्ध में)

विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी परिपत्र क्रमांक 4151–61 दिनांक 01.10.2020 के क्रम में लेख है कि वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2019–20 की सम सेमेस्टर बैक परीक्षा यथा B.Tech II, IV एवं VI, B. Arch. II, IV एवं VI, BHMCT II, IV एवं VI, BBA II, IV एवं VI, MBA II, MCA II एवं IV, M. Tech. II तथा M. Arch. II आदि सेमेस्टर की **20 अक्टुबर 2020** से प्रस्तावित सैद्धान्तिक परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थियों को पूर्व आंवटित परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन करने का विकल्प दिया गया है।

परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शहरों में से किसी एक शहर (अपने महाविद्यालय के शहर से पृथक शहर) का विकल्प चयनित कर अपने परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन करा सकता है। इसके लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के वेब पोर्टल www.rtuexam.net → student panel → exam centre city change option form अथवा विश्वविद्यालय की वेब साईट www.rtu.ac.in पर परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के लिंक पर जाकर दिनांक **03 अक्टूबर 2020 से 06 अक्टूबर 2020** के दौरान परीक्षा केन्द्र के शहर में परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकता है। अन्तिम तिथि **06 अक्टूबर 2020 रात्रि 12.00 बजे** के पश्चात् परीक्षा केन्द्र परिवर्तन का लिंक निष्क्रिय हो जाएगा।

अतः यदि आवश्यक हो तो, सम्बन्धित परीक्षार्थी उक्त अवधि में अपने परीक्षा केन्द के शहर में परिवर्तन के विकल्प को ऑन–लाईन लिंक पर जाकर नियत अवधि में आवेदन करना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र के शहर में परिवर्तन के आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि परीक्षा केन्द्र के शहर में परिवर्तन का विकल्प परीक्षार्थी के महाविद्यालय के शहर से पृथक शहर के लिए आवेदन करने पर ही विश्वविद्यालय द्वारा उसके परीक्षा केन्द्र के शहर मे परिवर्तन पर विचार किया जावेगा। समान/उसी शहर के लिए आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

साथ ही लेख है कि उक्त परीक्षाओं की समय–सारणी एवं परीक्षा केन्द्रों की सूचना शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वेब साईट पर अपलोड कर दी जावेगी। अतः समस्त सम्बन्धित परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे विश्वविद्यालय वेब साईट www.rtu.ac.in एवं अपने महाविद्यालय के सतत् सम्पर्क में रहें।

(प्रो. धीरेन्द्र माथुर)
परीक्षा नियंत्रक

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर